**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________

 (Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

 (Name) ______________________

**OMR Sheet No. :** ..................................................

(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

**Roll No.** ______________________

(In words)

**D 0 1 1 5**

**Time : 1¼ hours]**

# PAPER - II
# ECONOMICS

**[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **20**

Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।



www.examrace.com

## ECONOMICS
## PAPER - II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

**1.** Consider the following statements :

**I.** According to Keynes, as income rises, lower proportion of income is spent on consumption.

**II.** According Kuznets, as incomes rise, the average propensity to save remains fairly stable and constant.

Of the above which statement(s) are **correct**.

(1) Both **I** and **II** are true  (2) Neither **I** nor **II** are correct
(3) Only **I** is true  (4) Only **II** is true

**2.** If Marginal Propensity to Consume (MPC) is equal to Average Propensity to Consume (APC) for all levels of income (Y), the correct corresponding consumption (C) function will be :

(1) $C = a + bY$  (2) $C = a + \frac{b}{Y}$  (3) $C = bY$  (4) $C = bY^2$

**3.** Transfer payments by the government are not included in the net domestic product because :

(1) These are gifts from the government to the recipients
(2) They are not counted as commodities
(3) No corresponding production of goods and services has taken place to match such payments
(4) There may be leakages in such payments

**4.** Phillips curve sets up a relation between :

(1) Taxes and inflation
(2) Inflation and unemployment
(3) Money supply and aggregate demand
(4) Price and cost of production

**5.** If economy is operating at potential GDP, an increase in money supply will lead to :

(1) Stagflation  (2) Structural inflation
(3) Demand-pull inflation  (4) Cost-push inflation

**6.** In the long sum, the transitory consumption will :

(1) Be infinity
(2) Remain unchanged
(3) Decline but will remain positive
(4) Be zero



www.examrace.com

## अर्थशास्त्र

### प्रश्न-पत्र - II

**नोट :** इस प्रश्न-पत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

**1.** निम्नांकित कथनों पर विचार करें :

**I.** केंस के अनुसार, आय बढ़ने के साथ, आय का अल्प अनुपात उपभोग पर व्यय किया जाता है।

**II.** कुजनेट्स के अनुसार, आय बढ़ने के साथ, बचत की औसत प्रवृत्ति स्थिर और सतत बनी रहती हैं?

उपरोक्त में से कौन-से कथन **सही** हैं?

(1) I और II दोनों सही हैं। (2) न तो I और न ही II सही है।
(3) सिर्फ I सही है। (4) सिर्फ II सही है।

**2.** यदि आय (Y) के सभी स्तरों पर उपयोग की सीमांत प्रवृत्ति (MPC) उपभोग की औसत प्रवृत्ति (APC) के बराबर हो तो सही तत्संबंधी उपभोग (C) फलन होगा :

(1) $C = a + bY$ (2) $C = a + \frac{b}{Y}$ (3) $C = bY$ (4) $C = bY^2$

**3.** सरकार द्वारा अंतरण भुगतान, निवल घरेलू उत्पाद में शामिल नहीं किया जाता क्योंकि :

(1) ये लाभार्थियों को सरकार द्वारा प्रदत्त उपहार होते हैं
(2) वस्तुओं के रूप में इनकी गणना नहीं की जाती
(3) उक्त भुगतानों की बराबरी करने के लिए वस्तुओं और सेवाओं का कोई तत्संबंधी उत्पादन नहीं हुआ है
(4) उक्त भुगतानों में नि:सरण संभव है

**4.** फिलिप्स वक्र निम्नांकित में से किसके मध्य संबंध स्थापित करता है :

(1) कर और मुद्रास्फीति
(2) मुद्रास्फीति और बेरोजगारी
(3) मुद्रा आपूर्ति और कुल मांग
(4) उत्पादन का मूल्य और लागत

**5.** यदि अर्थव्यवस्था सम्भावित जी.डी.पी. पर प्रचालित हो रही है तो मुद्रा आपूर्ति में बढ़ोत्तरी का परिणाम होगा :

(1) अवसादी स्फीति (2) संरचनात्मक मुद्रा स्फीति
(3) मांगजन्य मुद्रा स्फीति (4) लागतजन्य मुद्रा स्फीति

**6.** दीर्घ अवधि में, अस्थायी उपभोग :

(1) अनंत होगा
(2) अपरिवर्तित होगा
(3) उसमें गिरावट होगी मगर वह धनात्मक बना रहेगा
(4) शून्य होगा



www.examrace.com

**7.** According to Keynes, investment demand depends on which of the following two factors ?

(a) Rate of interest (b) Income of the consumer

(c) Marginal efficiency of capital (d) Marginal propensity to consume

Answer from the codes below :

(1) (a) and (d) (2) (b) and (d) (3) (a) and (c) (4) (c) and (d)

**8.** For the demand function D = P(p) and supply function S = S(p), the excess demand brings about market equilibrium in which of the following situations ?

(1) $\frac{d\,E(p)}{dp} > 0$ (2) $\frac{d\,E(p)}{dp} < 0$ (3) $\frac{d\,E(p)}{dp} = 0$ (4) $\frac{d\,E(p)}{dp} = \infty$

**9.** Consider the following statements.

(a) Profit maximization by a producer.

(b) Cournots' duopoly equilibrium.

Which of these are appropriate examples of Nash equilibrium ? Answer from the code below :

(1) Only (a) (2) Only (b)

(3) Both (a) and (b) (4) Neither (a) nor (b)

**10.** In which of the following market situations/forms, firms are able to maximise profits ?

(1) Price leadership (2) Cartel

(3) At the kink point (4) Monopolistic competition

**11.** Consider the following factors in determination of wage :

(a) Demand for and supply of labour

(b) MRP of labour = Marginal wage

(c) MRP of labour = Average productivity of labour

(d) MRP = Average wage

Which of the above are true ? Answer from the code below :

(1) (a) and (b) (2) (c) and (d) (3) (a) and (c) (4) (a) and (d)

**12.** In the context of a straight line demand curve touching both the axes, which one of the following is **correct** ? The demand is elastic :

(1) below the mid-point (2) above the mid-point

(3) at the mid-point of the curve (4) throughout the length of the demand curve



www.examrace.com

7. केंस के अनुसार निवेश मांग निम्नांकित में से किन दो कारकों पर निर्भर करती है?

(a) ब्याज दर
(b) उपभोक्ता की आय
(c) पूँजी की सीमांत कुशलता
(d) उपभोग की सीमांत प्रवृत्ति

निम्नांकित कूटों में से उत्तर दें :

(1) (a) और (d) (2) (b) और (d) (3) (a) और (c) (4) (c) और (d)

8. मांग फलन D = P(p) और आपूर्ति फलन S = S(p) के लिए मांग आधिक्य निम्न में से किस दशा में बाज़ार संतुलन सुनिश्चित करता है?

(1) $\frac{d\,E(p)}{dp} > 0$ (2) $\frac{d\,E(p)}{dp} < 0$ (3) $\frac{d\,E(p)}{dp} = 0$ (4) $\frac{d\,E(p)}{dp} = \infty$

9. निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिये :

(a) एक उत्पादक द्वारा लाभ महत्तमीकरण
(b) कूर्नो का द्वैताधिकार साम्य

इनमें से कौन नैश साम्य का उपयुक्त उदाहरण है? नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर चुनें :

(1) सिर्फ (a)
(2) सिर्फ (b)
(3) (a) और (b) दोनों
(4) न तो (a) और न ही (b)

10. निम्नांकित में से किस बाज़ार स्थितियों/स्वरूपों में फर्में अपने लाभ का महत्तमीकरण कर पाते हैं?

(1) मूल्य नेतृत्व
(2) कार्टेल (Cartel)
(3) विकुंचन बिंदु
(4) एकाधिकारवादी प्रतिस्पर्धा

11. मज़दूरी के निर्धारण में निम्नांकित कारकों पर विचार करें :

(a) श्रम की मांग और आपूर्ति
(b) श्रम की एम.आर.पी. = सीमांत मज़दूरी
(c) श्रम की एम.आर.पी. = श्रम की औसत उत्पादकता
(d) एम.आर.पी. = औसत मज़दूरी

उपरोक्त में से कौन सत्य है? नीचे दिए गए कूटों में से उत्तर दें :

(1) (a) और (b) (2) (c) और (d) (3) (a) और (c) (4) (a) और (d)

12. दोनों अक्षों को स्पर्श कर रहे एक सीधी रेखा वाले मांग वक्र के संदर्भ में निम्नांकित में से कौन **सत्य** है? मांग लोचदार है।

(1) मध्य बिंदु के नीचे
(2) मध्य बिंदु के ऊपर
(3) वक्र के मध्य बिंदु पर
(4) संपूर्ण मांग वक्र की लंबाई पर



www.examrace.com

13. Slutsky equation deals with decomposition of :

(1) price effect into substitution and income effects

(2) goods into superior and inferior goods

(3) goods into necessities and luxuries

(4) consumer and producer surplus

14. A discriminating monopolist will charge a higher price in the market in which the price elasticity of :

(1) demand is greater (2) supply is smaller

(3) supply is greater (4) demand is smaller

15. Inclusive growth objective was given for the first time in which Plan of India ?

(1) $9^{th}$ Five Year Plan (2) $10^{th}$ Five Year Plan

(3) $11^{th}$ Five Year Plan (4) $12^{th}$ Five Year Plan

16. Match **List - I** with **List - II** and select the **correct** answer from the codes given below :

| | List - I | | List - II |
|---|---|---|---|
| (a) | Backward and Forward linkages | (i) | Von Neumann model |
| (b) | Turnpike theorem | (ii) | Unbalanced growth |
| (c) | Organic composition of capital | (iii) | Marxian model |
| (d) | A.K. Production Function | (iv) | Endogenous growth model |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (4) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |

17. Which among the following variables/factors are used in Constructing Human Development Index of India ?

(a) Life expectancy at birth

(b) Real GDP per capita

(c) Morbidity

Select the **correct** answer from the codes given below :

(1) All the three above (2) Both (a) and (b)

(3) Both (b) and (c) (4) Both (a) and (c)



www.examrace.com

**13.** स्लटस्की समीकरण का संबंध निम्न में से किसके अपघटन से संबंधित है :

(1) मूल्य प्रभाव को प्रतिस्थापन और आय प्रभावों में

(2) वस्तुओं को उत्कृष्ट और निकृष्ट वस्तुओं में

(3) वस्तुओं को आवश्यकताओं और विलासिता में

(4) उपभोक्ता और उत्पादन अधिशेष

**14.** एक विभेदात्मक एकाधिकारवादी बाज़ार में उच्चतर मूल्य आरोपित करेगा जिसमें :

(1) मांग की मूल्य लोच ज्यादा होगी
(2) आपूर्ति की मूल्य लोच कम होगी
(3) आपूर्ति की मूल्य लोच ज्यादा होगी
(4) मांग की मूल्य लोच कम होगी

**15.** समावेशी विकास का लक्ष्य प्रथम बार भारत की किस योजना में दिया गया है ?

(1) नवीं पंच वर्षीय योजना
(2) दसवीं पंच वर्षीय योजना
(3) ग्यारहवीं पंच वर्षीय योजना
(4) बारहवीं पंच वर्षीय योजना

**16.** **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूटों में से **सही** उत्तर का चयन करें :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | पृष्ठगामी और अग्रगामी श्रृंखलाएं | (i) | वॉन न्यूमॉन मॉडल |
| (b) | टर्नपाइक प्रमेय | (ii) | असंतुलित विकास |
| (c) | पूंजी की जैविक संरचना | (iii) | मार्कस वादी मॉडल |
| (d) | ए.के. उत्पादन फलन | (iv) | अंतर्जात संवृद्धि मॉडल |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (4) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |

**17.** भारत के मानव विकास सूचकांक के गठन में निम्न में से किन परिवर्त्तियों/कारकों का उपयोग किया जाता है ?

(a) जन्म के समय जीवन प्रत्याशा

(b) वास्तविक प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (GDP)

(c) रोगग्रस्तता

नीचे दिए गए कूटों में से **सही** उत्तर चुनें :

(1) उपरोक्त तीनों
(2) (a) और (b)
(3) (b) और (c)
(4) (a) और (c)



www.examrace.com

18. Which of the following is credited with introduction of LPG model of economic development in India ?

(1) Dr. C. Rangarajan (2) Dr. Montek Singh Ahluwalia
(3) Dr. Amartya Sen (4) Dr. Manmohan Singh

19. Which one of the following models explains the paradox pertaining to rural-urban migration in the context of rising urban employment ?

(1) Solow model (2) Lewis model
(3) Vakil and Brahmanand model (4) Todaro model

20. In Harrod model of growth, if warranted rate of growth is below the natural rate of growth then it is possible to maintain steady state growth with :

(1) Continuously increasing unemployment
(2) A constant rate of unemployment
(3) Continuously decreasing unemployment
(4) None of the above

21. Report of Task Force on the Implementation of Fiscal Responsibility and Budget Management Act, headed by Kelkar Committee suggests some points given below :

**I.** Fiscal deficit to be abolished by 2008 - 09.
**II.** Revenue deficit should be 3 percent of GDP.

Which of the above statements given above is/are **correct** ?

(1) Only **I** (2) Only **II** (3) Both **I** and **II** (4) Neither **I** nor **II**

22. Tobin tax is a tax on :

(1) transactions in the share market
(2) transactions in the money market
(3) transactions in the commodity market
(4) transactions in the foreign exchange market

23. Budget incidence refers to :

(1) The effect of both government expenditure and tax policies on the distribution of income.
(2) The effect of government expenditure on the allocation of resources.
(3) The effect of tax policies on the distribution of income and wealth in the private sector.
(4) None of the above



www.examrace.com

**18.** भारत में आर्थिक संवृद्धि के एल.पी.जी. मॉडल के प्रवर्तन का श्रेय निम्न में से किसे दिया जाता है ?

(1) डॉ. सी. रंगराजन (2) डॉ. मोंटेक सिंह अहलूवालिया

(3) डॉ. अमर्त्य सेन (4) डॉ. मनमोहन सिंह

**19.** बढ़ती शहरी रोजगार के परिप्रेक्ष्य में ग्रामीण-शहरी पलायन से संबंधित विरोधाभास की निम्न से कौन-सा मॉडल व्याख्या करता है ?

(1) सोलो मॉडल (2) लेविस मॉडल

(3) वकील और ब्रह्मानंद मॉडल (4) टोडरो मॉडल

**20.** संवृद्धि के हैरोड मॉडल में यदि वांछित संवृद्धि दर संवृद्धि की प्राकृतिक दर से नीचे हो तो निम्न में से किस प्रकार से स्थिर अवस्था संवृद्धि को बरकरार रखा जा सकता है :

(1) सतत बढ़ती हुई बेरोजगारी (2) बेरोजगारी की स्थिर दर

(3) सतत घटती हुई बेरोजगारी (4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**21.** राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए केलकर समिति की अध्यक्षता में गठित कार्य बल की रिपोर्ट में कुछ निम्नांकित सुझाव दिए गए हैं :

**I.** राजकोषीय घाटा 2008 - 09 तक खत्म किया जाएगा।

**II.** राजस्व घाटा जी.डी.पी. का 3 प्रतिशत होना चाहिए।

उपरोक्त में कौन-सा कथन **सत्य** है ?

(1) सिर्फ **I** (2) सिर्फ **II** (3) **I** और **II** दोनों (4) न तो **I** और न ही **II**

**22.** टोबिन कर निम्न में से किस पे लगाया जाने वाला कर है :

(1) शेयर बाज़ार के सौदे (2) मुद्रा बाज़ार के सौदे

(3) सामग्री बाज़ार के सौदे (4) विदेशी मुद्रा बाज़ार के सौदे

**23.** बजट प्रभाव से आशय है :

(1) आय के वितरण पर सरकारी व्यय और कर नीतियों का प्रभाव

(2) संसाधनों के आवंटन पर सरकारी व्यय का प्रभाव

(3) निजी क्षेत्र की आय और संपत्ति के वितरण पर कर नीतियों का प्रभाव

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं



www.examrace.com

24. In case of deficit budget, when the deficits are covered through taxes, that budget is called :

(1) unbalanced budget (2) surplus budget

(3) balanced budget (4) None of these

25. Match the following :

| List - I | | List - II |
|---|---|---|
| (a) Fiscal deficit | (i) | Revenue and interest receipt minus revenue expenditure |
| (b) Revenue deficit | (ii) | Revenue receipts and recovery of loans and other receipt minus total expenditure plus total borrowings |
| (c) Budgets of deficit | (iii) | Receipts minus disbursement in capital account |
| (d) Capital deficit | (iv) | Total receipts and total disbursements |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

26. Efficiency requires that the production of pure public goods be undertaken to the point where ?

(1) the sum of the marginal private benefits is exactly equal to the marginal social cost of production.

(2) the marginal private benefit is exactly equal to the marginal social cost of production.

(3) the marginal social cost exceeds the sum of the marginal private benefits.

(4) None of the above.

27. Which of the following pairs is **not** correctly matched :

(1) Rekhi Committee : Simplification of export and import procedures

(2) Nanmjundappa Committee : Railway fare

(3) Rangrajan Committee : Balance of payments

(4) Goiporia Committee : Banking service improvements



www.examrace.com

**24.** घाटे के बजट की स्थिति में, जब घाटा की भरपाई करों से की जाती है, वह बजट कहलाता है :

(1) असंतुलित बजट
(2) अधिशेष बजट
(3) संतुलित बजट
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**25.** निम्नांकित को सुमेलित करें :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | राजकोषीय घाटा | (i) | राजस्व व्यय को घटाकर राजस्व और ब्याज प्राप्ति |
| (b) | राजस्व घाटा | (ii) | कुल व्यय और कुल उधारियों को घटा कर राजस्व प्राप्तियां और ऋणों की वसूली व अन्य प्राप्तियां |
| (c) | घाटे का बजट | (iii) | पूंजी लेखा में संवितरण को घटा कर प्राप्तियां |
| (d) | पूँजी घाटा | (iv) | कुल प्राप्तियां और कुल संवितरण |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**26.** दक्षता यह अपेक्षा रखती है कि पूर्णतया सार्वजनिक वस्तुओं का उत्पादन ऐसे बिन्दु पर हो जहाँ :

(1) सीमांत निजी लाभ का योग उत्पादन की सीमांत सामाजिक लागत के समान हो
(2) सीमांत निजी लाभ, उत्पादन की सीमांत सामाजिक लागत के समान हो
(3) सीमांत सामाजिक लागत, सीमांत निजी लाभ के योग से अधिक हो
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**27.** निम्नलिखित में से कौन–सा युग्म सुमेलित **नहीं** है :

(1) रेखी समिति : निर्यात और आयात प्रक्रियाओं का सरलीकरण
(2) नान्जुनडप्पा समिति : रेल भाड़ा
(3) रंगराजन समिति : भुगतान शेष
(4) गोईपोरिया समिति : बैंकिंग सेवा सुधार



www.examrace.com

**28.** Consider the following statements :

**I.** The Repo rate is the rate at which other banks borrow from the Reserve Bank of India.

**II.** A value of 1 for Gini Coefficient in a country implies that there is perfectly equality in income distribution.

Which among the above are **correct** ?

(1) **II** only (2) **I** only (3) Both **I** and **II** (4) Neither **I** nor **II**

**29.** Retail Banking is to provide banking services :

(1) only to individual customers in an integrated manner

(2) entirely to agriculture sector only

(3) only to self-help group for their survival

(4) None of the above

**30.** Labour market reforms aim at :

(1) Job security (2) Minimum wage

(3) Labour market flexibility (4) Employment insurance

**31.** Jan - Dhan Yojna Concerns :

(1) Credit (2) Tax payment

(3) Bank deposit (4) Insurance premium

**32.** Which of the following sets does not represent the features of Indian labour market ?

(1) disguised unemployment ; lack of skills ; lack of mobility.

(2) disguised unemployment ; perfect mobility ; lack of skills.

(3) disguised unemployment ; migratory labour ; perfect mobility.

(4) poverty ; illiteracy ; Homogeneity

**33.** The Geometric mean of four numbers 2, X, 16, 32 is 8. What is the value of X ?

(1) 2 (2) 4 (3) 6 (4) 8

**34.** If mean = 28 and mode = 25, the value of median will be :

(1) 27 (2) 29 (3) 24 (4) 25



www.examrace.com

28. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

I. रेपो रेट वह दर है जिस पर अन्य बैंक भारतीय रिजर्व बैंक से उधार लेते हैं।

II. किसी राष्ट्र में गिनि गुणांक के लिए 1 के मूल्य का निहितार्थ यह है कि आय वितरण में पूर्णतया समानता है।

उपरोक्त में से कौन-सा **सही** है?

(1) केवल **II** (2) केवल **I** (3) **I** और **II** दोनों (4) न तो **I** और न ही **II**

29. खुदरा बैंकिंग निम्नलिखित में से किसको बैंकिंग सुविधाएं मुहैया कराती है?

(1) समेकित ढंग से केवल एकल उपभोक्ताओं को

(2) पूर्णतया कृषि क्षेत्र को ही

(3) केवल स्वं-सहायता समूहों को उनकी उत्तरजीविता के लिए

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

30. श्रम बाज़ार सुधार का लक्ष्य है :

(1) रोजगार की सुरक्षा (2) न्यूनतम पारिश्रमिक

(3) श्रम बाज़ार का लचीलापन (4) रोजगार बीमा

31. जन धन योजना निम्नलिखित में से किससे संबंधित है :

(1) ऋण (2) कर भुगतान

(3) बैंक जमा (4) बीमा प्रीमियम

32. निम्नलिखित में से कौन-सा समुच्चय भारतीय श्रम बाज़ार की विशेषताओं को नहीं दर्शाता है?

(1) प्रच्छन्न बेरोज़गारी, कौशल का अभाव, गतिशीलता की कमी

(2) प्रच्छन्न बेरोज़गारी, पूर्ण गतिशीलता, कौशल का अभाव

(3) प्रच्छन्न बेरोज़गारी, प्रवासी श्रम, पूर्ण गतिशीलता

(4) गरीबी, निरक्षरता, एकरूपता

33. चार संख्याओं 2, X, 16, 32 का ज्यामित्तीय माध्य 8 है। X का मूल्य क्या है?

(1) 2 (2) 4 (3) 6 (4) 8

34. यदि माध्य = 28 तथा बहुलक = 25, तो मध्यिका का मूल्य होगा :

(1) 27 (2) 29 (3) 24 (4) 25



www.examrace.com

**35.** If the probability of solving a statistical problem by A is $\frac{1}{4}$ and by B is $\frac{1}{3}$; when a problem is given to them, probability that the problem will be solved is ?

(1) $\frac{1}{2}$ (2) $\frac{7}{12}$ (3) $\frac{1}{12}$ (4) $\frac{2}{3}$

**36.** Type - I error is defined as :

(1) Reject Null-hypothesis when it is false.

(2) Reject Null-hypothesis when it is true.

(3) Accept Null-hypothesis when it is true.

(4) Accept Null-hypothesis when it is false.

**37.** Given that $\sqrt{xy} = 0.6$, $\sigma_Y = 50$, $\sigma_X = 10$, $\bar{X} = 30$ and $\bar{Y} = 140$ ; the correct regression of Y on X is given by :

(1) $Y = 50 + 3X$ (2) $Y = 110 + 0.6X$

(3) $Y = 140 + 3X$ (4) $Y = 140 - 3X$

**38.** Which one of the following is **not** a method of sampling ?

(1) Systematic sampling (2) Quota sampling

(3) Snowball sampling (4) Large sampling

**39.** Growth in software industry in India can be best explained by :

(1) Porter's approach (2) Ricardo's approach

(3) Vernon's approach (4) Bella Balassa's approach

**40.** The form of multi commodity terms of trade is most closely related to :

(1) Laspeyre's index number

(2) Paasche's index number

(3) Edgworth - Marshall index number

(4) Fisher's index number

**41.** If the foreign offer curve has an unitary elasticity, then the optimum tariff will be :

(1) unity (2) infinity (3) zero (4) $-1$



www.examrace.com

**35.** यदि A द्वारा किसी सांख्यकीय प्रश्न को हल करने की प्रायिकता $\frac{1}{4}$ तथा B द्वारा $\frac{1}{3}$ है, तो यह प्रश्न यदि दोनों को हल करने के लिए दिया जाता है, तो इस बात की प्रायिकता क्या है कि प्रश्न हल हो जाएगा?

(1) $\frac{1}{2}$ (2) $\frac{7}{12}$ (3) $\frac{1}{12}$ (4) $\frac{2}{3}$

**36.** टाईप - I त्रुटि को निम्नलिखित में से किस रूप में परिभाषित किया गया है :

(1) अस्वीकार शून्य-परिकल्पना जब यह ग़लत है।

(2) अस्वीकार शून्य-परिकल्पना जब यह सही है।

(3) स्वीकार शून्य-परिकल्पना जब यह सही है।

(4) स्वीकार शून्य-परिकल्पना जब यह ग़लत है।

**37.** यदि $\sqrt{xy} = 0.6$, $\sigma_Y = 50$, $\sigma_X = 10$, $\bar{X} = 30$ तथा $\bar{Y} = 140$ ; तो X पर Y का सही समाश्रयण निम्नलिखित में से कौन-सा होगा :

(1) $Y = 50 + 3X$ (2) $Y = 110 + 0.6X$

(3) $Y = 140 + 3X$ (4) $Y = 140 - 3X$

**38.** निम्नलिखित में से कौन-सा निदर्शन का तरीका नहीं है?

(1) व्यवस्थित निदर्शन (2) कोटा निदर्शन

(3) स्नोबॉल निदर्शन (4) बृहत् निदर्शन

**39.** भारत में सॉफ्टवेयर उद्योग में वृद्धि को निम्नलिखित में से किसके द्वारा श्रेष्ठ ढंग से वर्णित किया जा सकता है :

(1) पोर्टर का दृष्टिकोण (2) रिकार्डो का दृष्टिकोण

(3) वरनोन का दृष्टिकोण (4) बेला बैलसा का दृष्टिकोण

**40.** बहु-उत्पाद व्यापार की शर्तों के रूप निम्नलिखित में से किससे सर्वाधिक निकट है :

(1) लेसपीयर का सूचकांक (2) पाशे का सूचकांक

(3) एजवर्थ - मार्शल सूचकांक (4) फिशर का सूचकांक

**41.** यदि विदेशी प्रस्ताव वक्र में ऐकिक लोच है, तो ईष्टतम प्रशुल्क होगा :

(1) इकाई (एक) (2) अनन्त (3) शून्य (4) $-1$



www.examrace.com

42. An overvalued Indian rupee in the foreign exchange market will have which one of the following consequence ?

(1) Make imports cheaper and exports costlier

(2) Make imports costlier and exports cheaper

(3) Give protection to domestic industry against foreign competition

(4) Will improve balance of payments

43. Which of the following issues were not addressed in Urugvay Round ?

(1) Migration (2) IPRs (3) Services (4) Tariff

44. The terms of trade refer to :

(1) The excess of import expenditure over export earnings

(2) Trade agrument between two nations

(3) The ratio between export and import prices

(4) The terms and conditions on which a country is offered loan in the event of BOP difficulties

45. 'Plan Holiday' in Indian planning is identified with the period :

(1) 1966 - 69 (2) 1979 - 81 (3) 1985 - 87 (4) 1991 - 93

**Introductions :** In the question number **46** to **50**, two statements are labelled as **Assertion (A)** and **Reason (R)**. In the context of two statements, which one of the following is **correct** :

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, **(R)** is false.

(4) **(R)** is true, **(A)** is false.

46. **Assertion (A) :** Pareto optimality criterion cannot be used alone to measure welfare level of the people.

**Reason (R) :** The concept Pareto optimality fails in case of externalities, public goods and missing markets.

47. **Assertion (A) :** APC can never be zero while it can be greater than 1.

**Reason (R) :** Consumption expenditure is always positive even if income is zero.



www.examrace.com

**42.** विदेशी मुद्रा विनिमय बाज़ार में अधिमूल्यांकित भारतीय रूपये का निम्नलिखित में से कौन–सा प्रभाव होगा ?

(1) आयात सस्ता होगा, निर्यात मंहगा हो जाएगा।

(2) आयात मंहगा होगा, निर्यात सस्ता हो जाएगा।

(3) घरेलू उद्योग को विदेशी प्रतिस्पर्धा से संरक्षण मिलेगा।

(4) भुगतान संतुलन में सुधार होगा।

**43.** ऊरूगवे शिखर सम्मेलन में निम्नलिखित में से कौन–से मुद्दे का समाधान नहीं किया गया ?

(1) प्रव्रजन
(2) बौद्विक संपदा अधिकार
(3) सेवाएं
(4) प्रशुल्क

**44.** व्यापार की शर्तों का आशय निम्नलिखित में से किससे है ?

(1) निर्यात आय से निर्यात व्यय का आधिक्य

(2) दो राष्ट्रों के बीच व्यापार करार

(3) निर्यात और आयात कीमतों के बीच अनुपात

(4) वे शर्तें और दशाएं जिन पर किसी राष्ट्र को भुगतान संतुलन की कठिनाई की स्थिति में ऋण दिया जाता है

**45.** भारतीय नियोजन में ''योजना अवकाश'' किस अवधि में रहा है :

(1) 1966 - 69
(2) 1979 - 81
(3) 1985 - 87
(4) 1991 - 93

**अनुदेश :** प्रश्न संख्या **46** से **50** में **अभिकथन (A)** और **कारण (R)** के रूप में दो कथन दिए गए हैं। दोनों कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन–सा **सही** है :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(R)**, **(A)** का सही स्पष्टीकरण है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(R)**, **(A)** का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) **(A)** सही है, **(R)** ग़लत है।

(4) **(R)** सही है, **(A)** ग़लत है।

**46.** **अभिकथन (A) :** लोगों के कल्याण स्तर को मापने के लिए केवल परेटो की अनुकूलता कसौटी को ही उपयोग नहीं किया जा सकता है।

**कारण (R) :** परेटो अनुकूलता का प्रत्यय, बाह्यताओं, सार्वजनिक वस्तुएं और लुप्त बाज़ारों के मामले में सफल नहीं हो पाता।

**47.** **अभिकथन (A) :** औसत उपभोग प्रवृत्ति कभी भी शून्य नहीं हो सकती जब कि यह 1 से अधिक हो सकती है।

**कारण (R) :** उपभोग व्यय हमेशा धनात्मक रहता है भले ही आय शून्य हो।



www.examrace.com

48. **Assertion (A) :** The endogenous growth theory examines production function that shows increasing returns.

**Reason (R) :** There is specialization and investment in knowledge capital.

49. **Assertion (A) :** On a bell shaped curve ; the value of mean, median and mode would be identical.

**Reason (R) :** There is no skewness in such a curve.

50. **Assertion (A) :** Competition Act of 2002 came into force and MRTP Act was repealed.

**Reason (R) :** MRTP Act was too restrictive and curtailed fair competition in the market.

- o 0 o -



www.examrace.com

48. **अभिकथन (A) :** अंतर्जात संवृद्धि सिद्धान्त उत्पादन फलन का परीक्षण करता है जो कि बढ़ते हुए प्रतिफलन को दर्शाता है।

**कारण (R) :** ज्ञान पूंजी में विशेषज्ञता और निवेश होता है।

49. **अभिकथन (A) :** घंटाकार वक्र में माध्य, माध्यिका और बहुलक सदृश होंगें।

**कारण (R) :** इस प्रकार के वक्र में विषमता नहीं होती।

50. **अभिकथन (A) :** 2002 का प्रतिस्पर्धा अधिनियम प्रभावी हुआ और एम.आर.टी.पी. अधिनियम प्रतिस्थापित हुआ था।

**कारण (R) :** एम.आर.टी.पी. अधिनियम अत्यधिक विनियामक था और इससे बाज़ार में समुचित प्रतिस्पर्धा में कमी आई।

- o 0 o -



www.examrace.com

**Space For Rough Work**

Exam Race



www.examrace.com